पटना में सरकारी दवाओं का बड़ा खेल उजागर, 40 लाख की सप्लाई पकड़ी गई

Patna medicine black market: राजधानी पटना में सरकारी दवाओं की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। पुलिस और औषधि प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद की गई हैं। यह दवाएं सरकारी अस्पतालों के लिए थीं, लेकिन इन्हें अवैध तरीके से बाहर सप्लाई किया जा रहा था।

मामला अगमकुआं थाना क्षेत्र के भागवत नगर का है। यहां छापेमारी के दौरान करीब 40 लाख रुपये की दवाएं और इंजेक्शन जब्त किए गए। टीम ने मौके से जयंत कुमार नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। वहीं इस नेटवर्क का मुख्य आरोपी नीरज कुमार और तीन अन्य लोग फरार हो गए हैं।

Source: https://insiderlive.in/patna-govt-medicine-black-marketing-case-40-lakh-seized/